BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

Class 8. Hindi assignment no5

1)निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(4)

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

(क) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है**?**

(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।

(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।

(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है।

(iv) समय बड़ा ही बलवान है।

(ख) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है**?**

(i) खेत में पौधे नहीं उगते।

(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।

(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।

(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।

(ग) बादल का बरसना व्यर्थ है**,** यदि

(i) गरमी शांत न हो।

(ii) फ़सल को लाभ न पहुँचे

(iii) किसान प्रसन्न न हो

(iv) नदी-तालाब न भर जाएँ

(घ) गद्यांश का मुख्य शीर्षक क्या है**?**

(i) बादल का बरसना

(ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(iii) किसान का पछतावा करना

(iv) समय का सदुपयोग

2)पत्र लेखन- समय पर डाक न मिलने पर डाकपाल को शिकायती पत्र लिखी ।(4)

3)अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखे।(2)

क)जो भूमि उपजाऊ हो-

Scanned with CamScanner

ख) दूसरों से ईर्ष्या करने वाला-

4)वाक्यों को शुद्ध कीजिए।(2)

क)उसके प्राण निकल गया।

ख) वह छत से गिर पड़ा।

5)विस्मयादिबोधक का भेद बताइए।(2)

क)शाबाश !तुम अपनी कक्षा में प्रथम आए हो।

ख)वाह !क्या गीत गाया है।

Scanned with CamScanner